# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (04.07.2025)

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE: 04.07.2025, PAGE-06

# छह वर्ष बाद बीआरएबीयू में होगा दीक्षा समारोह, उप राज्यपाल मनोज सिन्हा होंगे मुख्य अतिथि

- बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के आडिटोरियम में 25 अगस्त को होगा समारोह, तैयारी शुरू
- स्नातक, पीजी, ला, बीएड समेत अन्य कोर्स के टापरों को दिया जाएगा गोल्ड मेडल

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में छह वर्षों के बाद होने वाला दीक्षा समारोह कई मायनों में खास होगा। इसमें जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। वहीं इसमें राज्यपाल आरिफ मो. खान भी आएंगे। विश्वविद्यालय कैंपस स्थित आडिटोरियम में 25 अगस्त को दीक्षा समारोह होगा। इसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डीसी राय ने बताया कि दीक्षा समारोह के लिए तिथि तय हो गई है। 25 अगस्त को विश्वविद्यालय कैंपस में ही समारोह होगा। इसमें जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा मुख्य अतिथि होंगे। वहीं महामहिम आरिफ मोहम्मद खान भी समारोह में आएंगे। आयोजन में कई अन्य गणमान्य भी आमंत्रित किए जाएंगे। कहा कि आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। परीक्षा विभाग समेत सभी विभागों को आवश्यक निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में अगले वर्ष होने वाले दीक्षा समारोह के लिए मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को आमंत्रित किया जाएगा। बहरहाल, इस बार के दीक्षा समारोह के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है।



विश्वविद्यालय आडिटोरियम में रंग रोगन और रिपेयरिंग करते मजदूर • जागरण

## स्नातक के 27 और पीजी के 25 विषयों के टापरों को मिलेगा गोल्ड

दीक्षा समारोह में स्नातक के सत्र 2021 - 24 और पीजी के सत्र 2022 - 24 के टापरों को गोल्ड मेडल मिलेगा। इसमें स्नातक के 27 विषयों और पीजी के 25 विषयों के टापरों को गोल्ड मेडल दिया जाएगा। साथ ही ला, बीएड, यूनानी, आयुर्वेद, होम्योपैथी के टापरों को भी मेडल मिल सकता है। इसके साथ ही एक जनवरी 2024 से लेकर 30 जून 2025 तक पीएचडी पूरा करने वाले शोधार्थियों को डिग्री मिलेगी। बताया जा रहा है कि ऐसे शोधार्थियों की संख्या करीब 167 है। इससे पहले 2019 में एलएस कालेज मैदान में दीक्षा समारोह का आयोजन हुआ था। इसमें तत्कालीन राज्यपाल समेत अन्य गणमान्य बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए थे। दूसरी ओर बताया जा रहा है कि दीक्षा समारोह के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क में बढ़ोतरी हो सकती है।

### आडिटोरियम के रंग- रोगन और जीर्णोद्धार का कार्य शुरू

विश्वविद्यालय कैंपस स्थित आडिटोरियम में दीक्षा समारोह कराए जाने को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। इसके लिए आडिटोरियम के भीतरी हिस्से में कार्य हो रहे है। रंग - रोगन से लेकर रिपेयरिंग कराया जा रहा है। इसके बाद वायरिंग का कार्य होना है। वहीं मंच को भी पहले से व्यवस्थित किया जा सकता है। इस महीने तक रिपेयरिंग समेत अन्य सभी प्रकार के कार्य को पूरा करना है। इसके लिए रोज मजदूर कार्य कर रहे है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
## DATE:04.07.2025, PAGE-06

# जुलाई अंत या अगस्त के पहले सप्ताह से शुरू होगी फोर्थ सेमेस्टर की परीक्षा

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पीजी फोर्थ सेमेस्टर की परीक्षा जुलाई के अंतिम सप्ताह से लेकर अगस्त के प्रथम सप्ताह में होगी। इसको लेकर विश्वविद्यालय की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई है। यह जानकारी परीक्षा नियंत्रक डा. राम कुमार ने दी। बताया कि पीजी थर्ड सेमेस्टर का परिणाम जारी किया गया है। इसमें वैसे विद्यार्थी जिनका रिजल्ट पेंडिंग है वे घबराएं नहीं। एक सप्ताह से 10 दिनों तक रिजल्ट में सुधार कर दिया जाएगा। पेंडिंग रिजल्ट में सुधार के लिए छात्रों को विश्वविद्यालय आने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि छात्र घबराएं नहीं। रिजल्ट में त्रुटियों को दूर किया जा रहा है। छात्र अपनी तैयारी पर फोकस करें। रिजल्ट की गड़बड़ी में सुधार कर परीक्षा विभाग उन्हें संबंधित कालेज या विभाग में उपलब्ध करा देगा। इधर, बताया जा रहा है कि स्नातक थर्ड पार्ट की परीक्षा से पहले परीक्षा फार्म भरने की तिथि विस्तारित होगी। करीब चार दिन का समय दिया जा सकता है। बताया जा रहा है कि जल्द ही परीक्षा विभाग के स्तर से इसकी अधिसूचना जारी होगी। वहीं 17 जुलाई से टीडीसी पार्ट थर्ड की परीक्षा कराई जा सकती है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:.........................**


DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE: 04.07.2025, PAGE-06


# आज जारी होगी पहली मेरिट लिस्ट स्नातक में कल से नामांकन शुरू

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में स्नातक में होने वाले नामांकन के लिए शुक्रवार को पहली मेधा सूची जारी होगी। इस आधार पर शनिवार से 12 जुलाई तक छात्र-छात्राएं आवंटित कालेजों में नामांकन लेंगे। इसके बाद 15 जुलाई से नए सत्र के लिए स्नातक की कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। बताया जा रहा है कि करीब 1.56 लाख सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया की जाएगी। सत्र 2025-29 में होने वाले नामांकन के लिए यूएमआइएस की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बताया जा रहा है कि प्रशासनिक अनुमति मिलने के साथ ही मेरिट लिस्ट जारी हो जाएगी।

**दस्तावेजों की जांच के बाद ही होगा नामांकन** : विश्वविद्यालय की ओर से कालेजों के लिए नामांकन नियमावली तैयार की गई है। इसमें कहा गया है कि आनलाइन आवेदन के समय अपलोड करने वाले दस्तावेज की जांच के बाद ही नामांकन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसमें किसी तरह की गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित छात्र का नामांकन रद कर दिया जाएगा। अगर किसी कालेज की ओर से गड़बड़ी की जाती है तो कार्रवाई होगी। इसको लेकर शुक्रवार को कालेजों को निर्देश जारी किया जाएगा। साथ ही राजभवन की ओर से अधिसूचित शुल्क के आधार पर ही कालेजों में नामांकन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

**12** जुलाई तक आवंटित कालेज में होगा नामांकन पहली सूची के अनुसार

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR**
**DATE: 04.07.2025, PAGE-04**

**विवि में सेमिनार, केस स्टडी व रिपोर्ट से विषय को बताया**

# बताया दावानल के कारण

## विवि के भूगोल विभाग में सेमिनार का आयोजन

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू के भूगोल विभाग में वन्याग्नि : कारण, प्रभाव व समकालीन चुनौतियांश विषय पर सेमिनार आयोजित हुआ. इसमें विवि के भूगोल समेत अन्य विभागों से 150 छात्र-छात्राओं व शोधार्थियों ने भाग लिया. सेमिनार की संयोजक भूगोल विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ शीरीन हयात व सेमिनार की संरक्षक विभागाध्यक्ष प्रो रूपा थीं. विषय की जरूरत व गंभीरता को रेखांकित किया.

**तथ्यात्मक आंकड़ों व मानचित्रों से समझ गहरी हुई:** डॉ शीरीन हयात ने भारत व विश्व में हाल के वर्षों में हुई दावानल की घटनाओं का विश्लेषणात्मक आंकड़ा प्रस्तुत किया. उन्होंने 2019-2024 के बीच ऑस्ट्रेलिया, अमेजन वर्षावन, अमेरिका के कैलिफोर्निया, ग्रीस, कनाडा व भारत के उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा व महाराष्ट्र के वनों में हुई आग की प्रमुख घटनाओं पर विस्तृत जानकारी दी. उनके द्वारा प्रस्तुत तथ्यात्मक आंकड़ों व मानचित्रों ने छात्रों को विषय की गहराई से अवगत कराया.

**बताया-उत्तराखंड में क्यों लगती है आग** : मडीडीएम कॉलेज की सहायक प्राध्यापक ममता राय ने उत्तराखंड में बार-बार लगने वाली जंगल की आग पर एक अहम केस स्टडी प्रस्तुत की. उन्होंने आग के कारणों, जैव विविधता पर प्रभाव और स्थायी समाधान की जरूरत पर जोर दिया.

कार्यक्रम की आयोजन सचिव डॉ आइदा ईला सीमा केरकेट्टा ने छोटानागपुर के दावानल व सह-सचिव सहायक प्राध्यापक डॉ राजेश्वर राय ने सफल संचालन और समन्वयक की भूमिका निभायी. तकनीकी सत्रों में कई विद्यार्थी व शोधार्थियों ने अपने विचार रखे. श्वेता, रोहन, शिखा, नंदिनी, निकिता, अनिल, रौनक, निधि, शालिनी, डॉ नेहा ने शोध-पत्र प्रस्तुत किए. अंत में प्रमाणपत्र वितरित किया गया.

**Ref:....................** **Date:.........................**

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
## DATE: 04.07.2025, PAGE-04

# 25 अगस्त को विवि में दीक्षांत समारोह गवर्नर मनोज सिन्हा करेंगे शिरकत



वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू में 25 अगस्त को दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जायेगा. राजभवन की ओर से तिथि की स्वीकृति मिलते ही विवि प्रशासन की ओर से तैयारियां तेज कर दी गयी हैं. दीक्षांत समारोह में जम्मू-कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा मुख्य अतिथि होंगे. वहीं बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां भी कार्यक्रम में शामिल होंगे.

विवि परिसर में स्थित ऑडिटोरियम में यह समारोह आयोजित किया जायेगा. इसको लेकर लंबे समय से बंद पड़े ऑडिटोरियम की मरम्मत और रंग-रोगन का कार्य किया जा रहा है. स्नातक में 27 व पीजी में 25 विषयों के टॉपर्स को गोल्ड मेडल दिया जायेगा. एक जनवरी 24 से 30 जून 25 तक पीएचडी पूरा करने वाले शोधार्थियों को समारोह में डिग्री प्रदान की जायेगी. इस अवधि में 167 शोधार्थियों ने पीएचडी पूरी की है.

- मुख्य अतिथि होंगे जम्मू-कश्मीर के गवर्नर
- आयोजन को लेकर तैयारियां तेज, बिहार के राज्यपाल भी कार्यक्रम में होंगे शामिल
- विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम को आयोजन के लिए किया जा रहा तैयार, टॉपर्स की बनायी सूची

## आखिरी बार 2019 में हुआ था दीक्षांत समारोह

बीआरएबीयू से आखिरी बार 2019 में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया था. इसमें बिहार के राज्यपाल शामिल हुए थे. इसके बाद से कोरोना काल होने के कारण दो वर्षों तक आयोजन नहीं हो सका. वहीं स्थिति सामान्य होने पर सत्र को ट्रैक पर लाने व लगातार परीक्षाओं के कारण समारोह टलता रहा. इसबार छह वर्षों पर दीक्षांत समारोह के आयोजन को लेकर तैयारी की जा रही है. कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय ने कहा कि अगले दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति मुख्य अतिथि होंगे. इस बार के आयोजन को सफल बनाने के लिए विवि के स्तर पर तैयारी की जा रही है.



## स्नातक व पीजी के टॉपर्स को गोल्ड मेडल

कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय ने गुरुवार को स्वयं मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया. वहीं शीघ्र कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया. कुलपति ने कहा कि करीब छह वर्ष बाद विवि में दीक्षांत समारोह हो रहा है. यह आयोजन खास होगा. इसमें स्नातक व पीजी के टॉपर्स को गोल्ड मेडल दिया जाएगा. इसके साथ ही लॉ, बीएड, आयुर्वेद, यूनानी व होम्योपैथ के टॉपर्स को भी मेडल देने पर विचार किया जा रहा है. परीक्षा विभाग को टॉपर्स की सूची तैयार करने का निर्देश दिया गया है.